शिविर का समापन — केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन

# 150 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी पुरस्कृत और 80 प्रशिक्षक सम्मानित



**जबलपुर, 3 जून।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में आयोजित 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल एवं कला प्रशिक्षण शिविर का समापन तरंग प्रेक्षागृह में किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव फिरोज कुमार मेश्राम थे। इस अवसर पर शिविर के 150 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत और 80 प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस वर्ष शिविर में 20 विधाओं में 917 प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता दर्ज करवाई, जिसमें 496 लड़के व 421 लड़कियां शामिल रहीं।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है शिविर

समारोह के मुख्य अतिथि फिरोज कुमार मेश्राम ने एक माह के शिविर को अनुशासित व बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद व उसके प्रशिक्षकों की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शिविर में प्रशिक्षित प्रतिभागी भविष्य में अपने-अपने खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचेंगे। श्री मेश्राम ने कहा कि एक माह का प्रशिक्षण शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी होते हैं।

### इन प्रशिक्षकों को किया गया सम्मानित

समापन समारोह में फुटबाल के कुलदीप बहादुर सिंह, पवन पटेल, राजेश सिंह, क्रिस्टोफर नरोन्हा, मनोज कुमरे, हरीश नायक, विशाल सोना क्रिकेट केहेमंत पोतदार, अनिल शर्मा, कुशलपाल सिंह चौहान, पीके सेन, इकबाल खान, विनोद राजपूत,अमित यादव, कुशल जैन, हाकी के शकील आफरीदी व संजय केने, वालीबॉल के प्रतीक शर्मा, अवधेश पटेल, दीपक साहू, विजेन्द्र नागले, टेबल टेनिस के हितेश परमार, पंकज खत्री व सुरेन्द्र इंगले बैडमिंटन के राजकुमार रजक आदि को सम्मानित किया गया।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इन प्रतिभागियों को मिला पुरस्कार

प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 150 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। क्रिकेट में वेदांत पटेल, वैभव उइके, युग नितेश दहीफोड़े, कार्तिक विश्वकर्मा, उत्कर्ष गुप्ता, कबन सिंह राठौर, शौर्य परोचे, देवांश शर्मा, लकी, नवी आशिका पिल्लै, तनु कुशवाहा, अर्पिता श्रीवास्तव, फुटबाल में धनुष पिल्लै, मानस उपाध्याय, आरब विश्वकर्मा, रेयांश नट्टा, इशांत समैया, अनय पीपरे, अनुराग कोरी, उत्कर्ष द्विवेदी, आरूष गुप्ता, पूर्वी, आयुषी तिवारी, संस्कृति पटेल, ओम शर्मा को पुरस्कृत किया गया।

### हॉकी में अद्विक मड़ावी व अर्श यादव पुरस्कृत

हॉकी में अद्विक मड़ावी, अर्श यादव, जेशन इक्का, पूर्वी कुशवाहा, साक्षी यादव, विधि चौधरी, प्रणव पटेल, बैडमिंटन में अव्याशी डोंगरे, दिव्या पटेल, पी. तीर्थराव, नव्या विश्वकर्मा, कृति धारणे, तृषा आनंद, कर्तव्य परस्ते, ध्रुव बहादुर थापा, अमृत भाटी, अनुभव त्रिपाठी, शिवजय सिंह, हर्षित उपाध्याय, टेबल टेनिस में हर्षित उपाध्याय, लक्षिरत शर्मा, प्राजंल शर्मा, रियांश, शौर्य साहू, अधवान परिहार, ए. नव्या, अलिजा खान, अन्या विश्वकर्मा आदि को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन जयवंत वामन खारपाटे ने किया।



# राहुल 'हीरोज ऑफ इंडिया' अवॉर्ड से सम्मानित

**जबलपुर 3 जून।** 31 मई को जयपुर राजस्थान के स्वर्ण महल में हिन्दुस्तान बुक ऑफ रिकॉर्ड का एक समारोह राजस्थान के उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद्र बैरवा, आईएएस अधिकारी विरेन्द्र सिंह बंकावट एवं हिन्दुस्तान बुक ऑफ रिकार्ड के डायरेक्टर अभिषेक सोनी की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

समारोह में नगर के शरीर सौष्ठव के अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी व कोच राहुल सरीन को अतिथियों द्वारा उनकी उपलब्धियों पर 'हीरो ऑफ इंडिया' के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर केंट विधायक अशोक रोहाणी, एबीपीएफ के प्रदेश अध्यक्ष सुमित कालिया, जिला अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, एड. अशोक गुप्ता, एड. प्रशांत मिश्रा, सचिव देवेन्द्र सरीन, संस्कार कांवड यात्रा के प्रमुख शिव यादव, जबलपुर व सभी सदस्य एवं पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया।

# अनियंत्रित होकर ऑटो पलटा, महिला गंभीर

**नवभारत, जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत व्हीकल मोड़ के पास बुधवार सुबह तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया । हादसे में यात्री महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस के मुताबिक बुधवार को नितिन ठाकुर 41 वर्ष निवासी गोकलपुर रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी मां सरोज ठाकुर, चंदा यादव के मकान में किराये से रहती है एवं लिज्जत पापड़ फैक्ट्री रिछाई में काम करती है बुधवार सुबह लगभग 8-30 बजे उसकी मां सरोज ठाकुर व्हीकल मोड़ से रिछाई आटो क्रमांक एमपी 20 जेड एल 2398 से जा रही थी आटो में तुलसा बाई यादव एवं अन्य सवारियां बैठीं थीं जैसे ही आटो व्हीकल मोड़ से थोड़ा आगे बढ़ा तो आटो चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये आटो अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे उसकी मॉ को पैर तथा तुलसा बाई को कमर में चोटें आयीं।

### बाइक से गिरे युवक की मौत

**जबलपुर ।** गोहलपुर थाना अंतर्गत कुदवारी चौराहे में एक युवक अचानक बाइक से अनियंत्रित होकर गिर गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक फैयाज खान 51 वर्ष निवासी आजाद नगर सूपताल गढ़ा ने सूचना दी कि पुट्टी पुताई का काम करता है शाम लगभग 4-30 बजे उसका छोटा भाई नियाज खान 35 वर्ष कुदवारी चौराहे के पास मोटर सायकल से गिर गया और बेहोशी हालत हो गया। जिसे उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया जहां से मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था जिसकी दौरान उपचार के सुबह लगभग 6-40 बजे मौत हो गई ।

### बरगी बांध की बांयी तट मुख्य नहर में जल प्रवाह आज से बंद

**नवभारत, जबलपुर।** रानी अवंती बाई लोधी सागर (बरगी बांध) परियोजना के अंतर्गत बांयी तट मुख्य नहर में जल प्रवाह 4 जून से बंद किया जा रहा है। रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना बायीं तट नहर संभाग-2 की कार्यपालन यंत्री द्वारा कहा गया है कि जबलपुर एवं नरसिंहपुर जिलों में आगामी खरीफ सिंचाई सत्र 2026 के सुचारू संचालन को दृष्टिगत रखते हुए बांयी तट से संबंधित विभिन्न नहरों में आवश्यक सुधार कार्य किए जाने हैं, जिसके चलते जल प्रवाह को अस्थायी रूप से बंद रखा जाएगा।

# महाकौशल कॉलेज में राधाकृष्ण के दो काव्य संग्रहों का विमोचन



**नवभारत, जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल महाविद्यालय में पूर्व छात्र संघ के सहयोग से भव्य साहित्यिक समारोह हुआ। इसमें रचनाकार राधाकृष्ण पाण्डेय के दो नवीन काव्य संग्रहों 'गीता दोहावली' तथा 'नमो काव्य मंजरी' का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंट विधायक अशोक रोहाणी रहे और अध्यक्षता जबलपुर विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने की। सारस्वत अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, डॉ. इला घोष, प्रो. अरुण शुक्ल और डॉ. शिवकुमार सिंह ठाकुर मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, शॉल व स्मृति चिन्ह से हुआ।

मुख्य अतिथि अशोक रोहाणी ने कहा कि 'गीता दोहावली' नई पीढ़ी को भारतीय जीवन मूल्यों व संस्कृति से जोड़ने का माध्यम बनेगी। उन्होंने लेखक के साहित्यिक योगदान को सराहा। अध्यक्ष डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने कहा कि 'नमो काव्य मंजरी' जैसी रचनाएँ राष्ट्रप्रेम, सामाजिक चेतना व मानवीय मूल्यों को सशक्त अभिव्यक्ति देती हैं। उन्होंने साहित्य सृजन को समाज निर्माण का प्रभावी माध्यम बताया। समारोह में डॉ. इला घोष ने 'गीता दोहावली' की साहित्यिक व दार्शनिक विशेषताओं पर प्रकाश डाला, वहीं डॉ. शिवकुमार सिंह ठाकुर ने 'नमो काव्य मंजरी' के रस, भाव व शिल्प सौंदर्य का विश्लेषण किया। कार्यक्रम का संचालन विवेक पाठक ने किया और आभार डॉ. मनीष दुबे ने माना। इस अवसर पर डॉ. प्रशांत मिश्रा, आदित्य मिश्रा, मृदुल मिश्रा, डॉ. रश्मि टंडन, मनीष पांडे, मनोज परोहा, सुरेंद्र सेन, उमा श्रीवास्तव, तरुण रोहितास, प्रेम शुक्ला सहित प्राध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### कर्मचारी को पीटा, दुकान में मारी पिकअप से टक्कर

**नवभारत,जबलपुर ।** तिलवारा थाना अंतर्गत सिवनी टोला में शराब दुकान कर्मचारी से मारपीट के बाद बदमाश पिकअप लेकर पहुंचा और दुकान में टक्कर मार दी। जिससे डेढ़ लाख रूपए की क्षति हुई है। पुलिस के मुताबिक राजेश जायसवाल उर्फगुड्डू 44 वर्ष निवासी मड़ई रांझी सिवनी टोला स्थित लायसेंसी कमला शिवहरे की दुकान में काम करता है। बीती रात लगभग 10 बजे नारायण चक्रवर्ती उसे सिवनी टोला स्थित टोल नाका के पास मिला एवं उससे ब्लेंडर शराब की बॉटल मांगने लगा, उसने कहा कि ब्लेंडर शराब की बॉटल एक हजार रूपये में आती है तो उससे एक हजार रूपये शराब पीने के लिये मांगने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो गाल में तीन चार चांटा मारा, वह भागकर अपनी दुकान आकर काम करने लगा रात लगभग 12-30 बजे नारायण चक्रवर्ती सफेद रंग की पिकअप क्रमांक एमपी 20 जेड एफ9568 चलाते हुये आया और उसकी शराब दुकान में टक्कर मार दिया फिर गाड़ी बैक कर दुबारा दुकान में टक्कर मार दिया जिससे लगभग 1 लाख 50 हजार रूपये का नुकसान हुआ है नारायण चक्रवर्ती जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

### गोदाम की दीवार खोदकर चोर ले गए 12 गैंस सिलेण्डर

**नवभारत,जबलपुर ।** भेड़ाघाट थाना अंतर्गत धुंआधार स्थित गैस एजेंसी के गोदाम की दीवाल खोदकर चोर 12 गैंस सिलेंडर चुराकर ले गए। पुलिस के मुताबिक बुधवार को रामवती गौंड़ 31 वर्ष निवासी बरगी हिल्स तिलवारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि धुंआधार वीआईपी गेट के पास शंकर भारत गैस एजेन्सी में मैनेजमेंट का कार्य करता है। वह एवं उसके साथ अन्य कर्मचारी आकांक्षा ठाकुर, दीपक पटैल, समीर गोटिया, जुगराज कुशवाहा सभी लोग काम खत्म करके कल शाम लगभग 6 बजे गोदाम बंद करके गेट में ताला लगाकर अपने घर चले गये थे। सुबह लगभग 9 बजे वह एवं अन्य कर्मचारी एजेन्सी आकर गोदाम का ताला खोलकर गोदाम के अंदर जाकर सिलेण्डर गिनकर चैक किये 11 घरेलू सिलेण्डर एवं 1 छोटा घरेलू सिलेण्डर कम मिले, गोदाम चैक करने पर पीछे साईड की दीवाल में लगा बीच वाला वेंटिलेटर निकला हुआ था और दीवाल में लगे वेंटिलेटर की चारों तरफकी साईड से दीवाल खुदी हुयी थी कोई अज्ञात चोर गोदाम की दीवाल में लगे वेंटीलेटर की साईडों की दीवाल खोदकर अंदर घुसकर भारत कम्पनी के भरे हुये 11 घरेलू सिलेण्डर एवं एक छोटा घरेलू गैस सिलेण्डर कीमती लगभग 35 हजार रूपये के चुराकर ले गया है।



# आर्यावर्त सांस्कृतिक संस्थान की 30 दिवसीय नाट्य कार्यशाला आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** आर्यावर्त सांस्कृतिक संस्थान द्वारा महाराष्ट्र व्यायामशाला परिसर में 5 मई से 3 जून तक आयोजित नाट्य कार्यशाला संपन्न हुई। इस 30 दिवसीय कार्यशाला में 16 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अभिनय सीखने के साथ रंगमंच को जीवन-दृष्टि के रूप में आत्मसात किया। प्रशिक्षण में नवरस, चरित्र निर्माण, शारीरिक अभिव्यक्ति, स्वर संयोजन, संवाद गति, दृश्य कार्य और मंच प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया, जहाँ प्रतिभागियों ने अनुशासन व रचनात्मकता का परिचय दिया।

समापन समारोह में प्रतिभागियों ने 'द इंस्पेक्टर कॉल्स' के अंशों सहित हास्य नाटकों 'लाश लवर' और 'लॉकर' के नए रूपांतर प्रस्तुत किए। एकल अभिनय की प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान सचिव रजनीश यादव ने किया। अध्यक्ष आदेश सिंह ने प्रमाण पत्र वितरित करते हुए रंगमंच को जीवन समझने का माध्यम बताया। विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद डॉ. कैरोलीन ने युवा कलाकारों को प्रेरित करते हुए मंच को असली पहचान खोजने की जगह बताया।

इस अवसर पर वरिष्ठ रंगकर्मी प्रकाश कुलकर्णी, अजय धाबर्डे, कवि व व्यंगकार प्रशांत सेठ उपस्थित रहे। संस्थान सदस्य नीरज कनौजिया, सार्थक यादव, अमन कुशवाहा, शिवांगी सिंह, काव्यकांत, अनमोल द्विवेदी, अनुश्री धानुक, देवांश, मोहित, निखिल और शिखर ने आयोजन में योगदान दिया। कार्यशाला की सफलता से प्रेरित होकर अध्यक्ष आदेश सिंह ने घोषणा की कि शीघ्र ही बच्चों के लिए विशेष नाट्य शिविर आयोजित किया जाएगा ताकि यह परंपरा नई पीढ़ी तक पहुंचे।

### शक्तिभवन में 5 जून को व्याख्यान

**नवभारत,जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के तत्वावधान में मेडिटेशन गुरु कानपुर की योग गुरु रोली त्रिपाठी के व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन 5 जून को शाम 4 बजे से शक्तिभवन स्थित केन्द्रीय पुस्तकालय में किया गया है। इस व्याख्यान कार्यक्रम में रोली त्रिपाठी के द्वारा वैकल्पिक चिकित्सा, मेडिटेशन के द्वारा दवा मुक्त जीवन एवं तनाव प्रबंधन के द्वारा डायबीटिज, हृदय रोग उपचार, अस्थमा, ऐसिडिटी आदि विषयों पर बचाव की जानकारी देंगी। इस व्याख्यान कार्यक्रम में कानपुर की मेडिटेशन गुरु संस्था द्वारा योगासन, प्राणायम, हर्बल चिकित्सा, चुंबकीय चिकित्सा, भौतिक एवं दिमागी कसरत का प्रदर्शन कर इनके बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन व प्रशासन फिरोज कुमार मेश्राम ने समस्त विद्युत कंपनियों के कार्मिक व सेवानिवृत्त कार्मिकों से इस व्याख्यान कार्यक्रम का लाभ उठाने का अनुरोध किया है।



# शराब तस्करी में तीन महिलाएं पकड़ाई

▶ 18 लीटर शराब जब्त, 200 लीटर लाहन किया गया नष्ट

**नवभारत, जबलपुर ।** बरेला पुलिस ने हिनौतिया में दबिश देते हुए शराब तस्करी में तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया । साथ ही मौके से 18 लीटर कच्ची शराब जप्त कर 200 लीटर लाहन को नष्ट किया गया।

बरेला थाना प्रभारी शुभम सिंह ठाकुर ने बताया कि हिनौतिया यादव मोहल्ला में फगनी बाई के घर में दबिश दी। कुप्पे में 6 लीटर कच्ची शराब, घर के आंगन में 10 डिब्बे मे 200 लीटर लाहन रखी मिली, आरोपियों के ब्जे से 6 लीटर कच्ची शराब जप्त करते हुये 200 लीटर लाहन को नष्ट किया गया। महिला को हिरासत में लिया गया । इसी प्रकार यादव मोहल्ला में कमला बाई धुर्वे 35 वर्ष निवासी ग्राम हिनौतिया यादव मोहल्ला को दबोचा गया । घर के सामने कुप्पी मे रखी 6 लीटर कच्ची शराब के साथ रखे हाथ पकडा गया। इसी प्रकार यादव मोहल्ला में लक्ष्मी बाई मरावी 35 वर्ष निवासी ग्राम हिनौतिया यादव मोहल्ला को पकड़ा गया। कुप्पी में रखी 6 लीटर कच्ची शराब के साथ रखे हाथ पकडा गया। तीनों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।


**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जबलपुर**

**सेठ गोविन्द दास (विक्टोरिया) जिला चिकित्सालय जबलपुर** Email-csurgeonjabmp@mp.nic.in

क्र./चिकि./2026/7370-72 — दिनांक-01/06/2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा का प्रकाशन वर्ष 2026-27 के लिये जिला चिकित्सालय जबलपुर हेतु निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा आमंत्रण क्रम |
|---|---|---|
| 1. | कम्प्यूटर एवं प्रिंटर नेटवर्किंग फोटो कॉपी मशीन सी.सी.टी.व्ही.कैमरे तथा डी.व्ही.आर.उपकरण के रख-रखाव एवं सहायक सामग्री सुधार कार्य एवं क्रय हेतु। | द्वितीय निविदा |
| 2. | सिविक वर्क ए.सी. वाटर कूलर यू.व्ही.आरो एवं विन्डो कूलर कार्य हेतु। | द्वितीय निविदा |

नोटः- निविदा की पूर्ण जानकारी Madhya Pradesh Government E-Tender System की बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध है।

**सिविल सर्जन सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक जबलपुर**


भेंट — जबलपुर में डिफेंस क्लस्टर की स्थापना का किया आग्रह

# केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से सांसद आशीष दुबे ने भेंट की



**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद आशीष दुबे ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट कर जबलपुर में रक्षा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की और श्री राजनाथ सिंह को जबलपुर आमंत्रित भी किया। सांसद ने श्री सिंह से जबलपुर में डिफेंस क्लस्टर की स्थापना किये जाने का आग्रह करते हुये बताया कि जबलपुर को भारत की डिफेंस सिटी कहा जाता है क्योंकि यहां रक्षा क्षेत्र से जुड़े कई कारखाने और संस्थान स्थित हैं। सांसद श्री दुबे ने श्री सिंह को बताया कि जबलपुर में स्थित ऑर्डेनेंस फैक्ट्री खमरिया (ओएफके) में बम और गोला बारूद का उत्पादन होता है वहीं गन कैरिज फैक्ट्री (जीसीएफ) में देश की रक्षा के लिये महत्वपूर्ण सारंग, धनुष जैसी तोपें और लाईट फील्ड गन बनाई जाती हैं। इसी तरह व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर (व्हीएफजे) में सेना के लिये वाहन, टैंक और बुलेट प्रूफ ट्रकों का निर्माण होता है। सांसद श्री दुबे ने रक्षा मंत्री श्री सिंह को आगे बताया कि जबलपुर स्थित ग्रे आयरन फाउंड्री (जीआईएफ) में रक्षा संस्थानों से जुड़े सहयोगी उत्पाद बनाये जाते हैं। इस मौके परसांसद आशीष दुबे ने ये भी कहा कि अगर जबलपुर में डिफेंस क्लस्टर की स्थापना की जाती है तो इससे जबलपुर के विकास को गति मिलेगी वहीं पूरे महाकौशल क्षेत्र को विभिन्न लाभ प्राप्त होंगे।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

N.I.T.No./PWD/e-tendering/PRO/254 — Date : 03/06/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_512502_1 03/06/2026 | सं.क्र.-11 अंतर्गत दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड 79 में विभिन्न आन्तरिक मार्गो का बिटुमिन रोड/डामरीकरण कार्य। (पार्षद मद) | 03 माह ₹.21.03 लाख | ₹.5000/- ₹.15772/- | 06/06/2026 |
| 2. | 2026_UAD_512502_2 03/06/2026 | सं.क्र.-11 अंतर्गत दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड 79 में विभिन्न बस्तियों में नाली का निर्माण कार्य। (पार्षद मद) | 03 माह ₹.12.70 लाख | ₹.2000/- ₹.9529/- | 06/06/2026 |
| 3. | 2026_UAD_512502_3 03/06/2026 | सं.क्र.-11 अंतर्गत दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड 79 में विभिन्न बस्तियों में सी.सी.सड़क का निर्माण कार्य। (पार्षद मद) | 03 माह ₹.10.05 लाख | ₹.2000/- ₹.7545/- | 06/06/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री नगर निगम जबलपुर**